

॥ॐ श्री गणेशाय नमः॥



॥ जय श्री केदारनाथ जी ॥

Registration No. S-E/1617/District South East/2019

# देवभूमि स्पोर्ट्स महाकौथिग फाउंडेशन ( राष्ट्रीय पंजीकृत )

कार्यालय -B-57 फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स, ओखला फेज 3, नई दिल्ली 110020

मो॰ 9971626928, 9873114342, 9711079818

ई-मेल : devbhoomi.smf2018@gmail.com

Website: www.devbhoomisportsmahakothigfoundation.com

Facebook page : देवभूमि स्पोर्ट्स महाकौथिक फाउंडेशन ( राष्ट्रीय पंजीकृत )

## 6TH KNOCKOUT CRICKET TOURNAMENT 2025

Contact For Team Registration 9560143782, 9990713670, 9871334059

DSMF T20

## FORM NO. 4

## TERMS & CONDITIONS

DSMF T20

**देवभूमि स्पोर्ट्स महाकौथिग फाउंडेशन ( राष्ट्रीय पंजीकृत ) समिति द्वारा आयोजित ''छठवां क्रिकेट टूर्नामेंट 2025'' हेतु महत्वपूर्ण नियम व शर्तें निम्नवत हैं।**

1. टूर्नामेंट में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी नियम लागू होंगे।
2. टूर्नामेंट में सभी टीमों के सम्पूर्ण खिलाड़ी मूल रूप से उत्तराखण्ड राज्य के होने आवश्यक हैं।
3. टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे।
4. टूर्नामेंट में टीमों का रजिस्ट्रेशन शुल्क रुपये 15000/- होगा।
5. टूर्नामेंट का प्रत्येक मैच 20-20 ओवरों का होगा **सभी मैच सफेद लेदर की गेंद से होगा।**
6. टूर्नामेंट में अम्पायर का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
7. टूर्नामेंट के सभी मैच खेल भावना अथवा परस्पर प्रेम, सौहार्द व भाईचारे से खेले जायेंगे जो कि उत्तराखण्ड राज्य की परम्परा, पहचान व शान है।
8. टूर्नामेंट के सभी मैच ''नोक-आउट'' आधार पर होंगे।
9. टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों की प्रोपर सिस्टम से अलग-अलग फाईलें बनेंगी। अपनी-अपनी टीमों की **डीटेल टीमों को स्वयं देनी होगी।**
10. टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों को आयोजक समिति द्वारा अधिकृत फार्म-2 में अपना **अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर और विवरण देना अनिवार्य है।**
11. टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों के कैप्टनों को आयोजन समिति द्वारा अधिकृत फार्म- 3 में अपनी टीम व अपना **पासपोर्ट साइज फोटो, नाम आधार नंबर देना अनिवार्य है।**

12. टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच के टॉस से पहले आयोजक समिति के अधिकृत Sports General Secretary ,"National In-Charge of Verification" सभी खिलाड़ियों के "Passport Size Photograph & Address ID Proof" से उत्तराखंड के खिलाड़ियों का सत्यापन करेंगे।

13. टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों को अपने-अपने मैचों में अपनी "Original Address & ID Proof" लेकर आना अनिवार्य है।

14. टूर्नामेंट के किसी भी मैच में यदि कोई भी टीम अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचेगी तो ऐसी स्थिति में उस टीम के ओबर काट दिये जायेंगे जिसका मापदंड प्रति 7 मिनट एक ओबर रहेगा।

15. टूर्नामेंट के सभी मैचो के पारितोषिक घोषणाओं, ग्राउंडों व क्रमशः तिथियों का विवरण आयोजक समिति के ''लीफलेट'' में उपलब्ध है।

16. टूर्नामेंट में एक खिलाड़ी केवल एक ही टीम से खेल सकेगा। यदि कोई खिलाड़ी एक से अधिक टीमों से खेलता हुआ पाया जायेगा तो ऐसी स्थिति में इस नियम के उलंघन का दंड उस टीम को भुगतना पड़ेगा जिस टीम में ऐसा खिलाड़ी खेलता हुआ पाया जायेगा और टीम को तत्काल टूर्नामेंट से बाहर कर सामने वाली टीम को विजेता घोषित कर दिया जायेगा। तथा उस टीम का रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी व्यवस्थाओं के लगने के कारण वापस नहीं किया जायेगा।

17. टूर्नामेंट में यदि कोई भी खिलाड़ी जो मूल रूप से उत्तराखण्ड राज्य का न हो किसी भी टीम में खेलता हुआ पाया जायेगा तो ऐसी स्थिति में इस नियम के उल्लंघन का दंड उस टीम को भुगतना पड़ेगा। जिसके आधार पर वह टीम टूर्नामेंट से तत्काल बाहर कर दी जायेगी व सामने वाली टीम को विजेता घोषित कर दिया जायेगा। तथा उस टीम का रजिस्ट्रेशन शुल्क सभी व्यवस्थाओं के लगने के कारण वापस नहीं किया जायेगा।

18. टूर्नामेंट के किसी भी मैच में यदि कोई भी खिलाड़ी किसी भी प्रकार के नशे में पाया जायेगा तो उस खिलाड़ी को तुरंत मैदान से उसी समय बाहर कर दिया जायेगा। इस नियम के उल्लंघन का दंड उस टीम को भुगतना पड़ेगा जिस टीम से वह खिलाड़ी खेल रहा होगा। ऐसी स्थिति में दंडित टीम को कोई अतिरिक्त खिलाड़ी नहीं दिया जायेगा अथवा उस टीम को वह मैच उतने ही खिलाड़ियों से खेलकर पूरा करना होगा।

19. टूर्नामेंट में किसी प्रकार के व्यवधान अथवा बाधा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिये आयोजक समिति की ओर से कानूनन अधिकार के तहत पुलिस की व्यवस्था उपलब्ध होगी।

20. टूर्नामेंट के किसी भी मैच में कोई खिलाड़ी यदि आयोजक समिति के सदस्यों अथवा अम्पायर पैनल या फिर अपने साथी खिलाड़ी के साथ गाली-गलोज या किसी भी प्रकार की अभद्र भाषा अथवा व्यवहार करता पाया गया तो ऐसी स्थिति में आयोजक समिति उस खिलाड़ी को जो खेल भावना के विपरीत व्यवहार का दोषी होगा समिति की ''ब्लैक लिस्ट'' में अंकित हो जायेगा जिसके परिणामस्वरूप वह खिलाड़ी भविष्य में समिति द्वारा आयोजित किसी भी टूर्नामेंट तथा किसी भी टीम में नहीं खेल सकेगा।

21. टूर्नामेंट के किसी भी मैच में यदि किसी खिलाड़ी को कोई सामान्य या गम्भीर चोट लगती है तो उसके लिए आयोजक समिति जिम्मेदार नहीं होगी। अतः सभी खिलाड़ी सावधानी और आवश्यक सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ मैच में खेलें। किसी खिलाड़ी को चोट लगने की सामान्य स्थिति में आयोजक समिति पूरा सहयोग करेगी।

22. टूर्नामेंट में सभी टीमों के खिलाड़ी आयोजक समिति द्वारा निर्धारित अथवा दी गयी ड्रेस में ही मैदान में आयें। समिति द्वारा निर्धारित बिना ड्रेस कोड और चप्पल, सैंडल इत्यादि वाले खिलाड़ी को टूर्नामेंट के किसी भी मैच खेलने की इजाजत नहीं होगी।

23. टूर्नामेंट के किसी भी मैच में किसी भी खिलाड़ी को 'स्पाइक सूज' में खेलने की इजाजत नहीं होगी।

24. टूर्नामेंट के सभी मैच शुक्रवार शनिवार और रविवार में आयोजित किये गये हैं।

25. टूर्नामेंट के सभी मैचों में एक बॉलर अधिकतम 4 ओवर फेंक सकेगा।

26. टूर्नामेंट के सभी मैचों में केवल अपनी-अपनी टीम का डिक्लरेशन साईन करने वाले कैप्टन को ही मैदान में कैप्टनशिप करने का अधिकार होगा। यदि खेल के दौरान किसी कैप्टन को चोट लग जाती है तो उस टीम के कैप्टनशिप की जिम्मेदारी का अधिकार स्वत: ही वाईस कैप्टन के पास ट्रांसफर हो जायेगा।

27. टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच में दोनों टीमों से एक-एक खिलाड़ियों का स्कोर बोर्ड व कौमेन्ट्री बोर्ड के समक्ष आरक्षित सीट पर बैठना अनिवार्य होगा। इसके अलावा उन टीमों के किसी भी अन्य खिलाड़ियों को उस स्थान पर बैठने की इजाजत नहीं होगी। सभी टीमें अपनी-अपनी टीमों से किसी ऐसे खिलाड़ी को नियुक्त करें जो खिलाड़ी उस टीम के मैदान में खेल रहे सभी खिलाड़ियों के नाम और फेस से भली भाँति परिचित हो। जो भी टीम टूर्नामेंट के इस नियम का उल्लंघन करती है उस टीम का एक ओवर कम कर दिया जायेगा।

28. टूर्नामेंट में सभी टीमों को उनके मैच प्रारम्भ होने से पहले टीमों के खिलाड़ियों की बेरिफिकेशन के समय अपनी 'बेस्ट प्लेइंग इलेवन' की सूचि समिति के स्कोर बार्ड के राष्ट्रीय इंचार्ज को देनी आवश्यक होगी। यदि कोई टीम इस प्रक्रिया का उल्लंघन या फिर इस प्रक्रिया में देरी करती है तो उस टीम का भी एक ओवर कट कर दिया जायेगा।

29. "बारिश या किसी भी मौसम की विषम परिस्थितियों में मैच के आयोजन को अगली तारीख में स्थानांतरित किया जाएगा, जिसकी घोषणा अलग से की जाएगी।"

मैंने उपरोक्त लिखे सभी नियम व शर्तें पढ़कर समझ लिये है। अत: मुझे ये सभी नियम व शर्तें मान्य हैं।

**अनिवार्य नियम: 16 से 25 वर्ष के 2 खिलाड़ी प्रत्येक टीम के लिए प्लेइंग 11 मैं खिलाना अनिवार्य है**

*** खिलाड़ी के द्वारा किसी भी प्रकार के नशे के शेवन की स्थिति में पूरी टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाएगा व सामने वाली टीम को विजेता घोषित कर दिया जाएगा।**

*** किसी भी विवाद की स्थिति में केवल टीम कैप्टन ही समिती व अम्पायर से विचार विमर्श करके निर्णय लेंगे जो अनिवार्य रूप से मान्य होगा**

****ओपनिंग सेरेमनी में सभी टीमों व उनके सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति अनिवार्य है।****

हस्ताक्षर
(टीम कप्तान)

हस्ताक्षर
(राष्ट्रीय इंचार्ज टीम रजिस्ट्रेशन)